**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 365**

**जिसका उत्तर 27 नवंबर, 2024 को दिया जाना है**

**नेयवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन में रोजगार के अवसर**

**365. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसादः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान नेयवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनएलसी) के विभिन्न विभागों में सृजित रोजगार के अवसरों तथा की गई नियुक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रबंधन तथा श्रम श्रेणी में अलग-अलग ऐसी नियुक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) अनुबंध, कैंपस नियुक्तियों, लेटरल एंट्री श्रेणियों तथा अन्य श्रेणियों के अंतर्गत की गई नियुक्तियों की संख्या कितनी है; और

(घ) एनएलसी की स्थापना अथवा विस्तार के लिए भूमि देने वाले तथा एनएलसी में नियुक्त किए गए लोगों का ब्यौरा क्या है तथा उन्हें किस श्रेणी में रखा गया है?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क):** विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनएलसी इंडिया लिमिटेड में सृजित रोजगार के अवसरों और की गई नियुक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2021 | 1453 |
| 2022 | 736 |
| 2023 | 853 |
| 2024 (30/09/2024 तक) | 998 |

**(ख):** प्रबंधन और श्रम श्रेणी में नियुक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| श्रेणी/वर्ष | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 (30/09/2024 तक) |
|---|---|---|---|---|
| कार्यकारी | 247 | 154 | 194 | 432 |
| गैर-कार्यकारी | 1115 | 574 | 550 | 527 |
| निश्चित अवधि का रोजगार | 91 | 8 | 109 | 39 |
| कुल | 1453 | 736 | 853 | 998 |

**(ग):** संविदा, कैंपस नियुक्तियों, लेटरल एंट्री श्रेणियों और अन्य श्रेणियों के तहत की गई नियुक्तियां निम्नानुसार हैं:

| माध्यम/श्रेणी | कार्यकारी | गैर-कार्यकारी | निश्चित अवधि का रोजगार |
|---|---|---|---|
| संविदा (निश्चित अवधि का रोजगार) | - | - | 247 |
| कैंपस | 34 | - | - |
| लेटरल | 413 | - | - |
| विशेष भर्ती अभियान / अनुकंपा/नियमितीकरण | - | 2766 | - |
| अन्य श्रेणी (स्नातक कार्यकारी प्रशिक्षु) | 580 | - | - |
| कुल | 1027 | 2766 | 247 |

**(घ) :** एनएलसी की स्थापना अथवा विस्तार के लिए भूमि प्रदान करने वाले लोगों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

| वर्ष | निश्चित अवधि का रोजगार | नियमित | कुल |
|---|---|---|---|
| 2021 | 0 | 0 | 0 |
| 2022 | 0 | 0 | 0 |
| 2023 | 5 | 36 | 41 |
| 2024 | 1 | 0 | 1 |

*******